







# आरती की थाली, फूलों की माला और पूड़ी सब्जी लेकर ननि पहुंचा युवक

## रीवा मे अनोखा विरोध ! न्योछावर खाने का आरोप

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 अगस्त, रीवा के नगर निगम कार्यालय में आज एक अनोखा विरोध प्रदर्शन देखने को मिला. काला कोट पहनकर नगर निगम पहुंचे युवक के हाथ में आरती की थाली, फूलों की माला और पूड़ी सब्जी देखकर हर कोई आश्चर्यचकित रह गया.**



युवक का कहना था कि अतिक्रमण की शिकायत पर नगर निगम की टीम अतिक्रमणकारी के घर तो पहुंचती है, लेकिन वहां से पूड़ी सब्जी और न्योछावर खाकर वापस चली आती है. युवक का कहना है कि अगर नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी सब्जी ही खानी है, तो वह आज पूड़ी सब्जी लेकर आया है और उसकी जो शिकायत है उसका निराकरण किया जाए. दरअसल मामला नगर निगम के वार्ड क्रमांक 26 स्थित छत्रपति नगर का है, जहां रहने वाले विनय गुप्ता नामक शख्स ने आज नगर निगम कार्यालय पहुंचकर ना सिर्फ नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए बल्कि हाथों में आरती की थाली, फूलों की माला और पूड़ी सब्जी के साथ उन्होंने नगर निगम में विरोध प्रदर्शन भी किया. विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे विनय गुप्ता ने बताया कि उनके घर के सामने स्थित एक परिवार के द्वारा सड़क की नली में चबूतरा बना लिया गया है. शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर रखा गया है, और घर के छज्जे को भी सड़क तक बाहर निकाल दिया गया है.

फरियादी का कहना है कि अतिक्रमण के चलते मौके पर जल भराव की स्थिति निर्मित होती है, जिसमें ना सिर्फ कीड़े मकोड़े पनपते हैं, बल्कि पानी रुकने की वजह से यहां गंदगी का आलम है जिससे पीड़ित परिवार नरकीय जीवन जीने को मजबूर है. फरियादी के अनुसार उक्त अतिक्रमण की शिकायत उनके द्वारा कई बार नगर निगम सहित सीएम हेल्पलाइन तक में की गई, लेकिन कार्रवाई की जगह उन्हें आश्वासन मिलता रहा. आरोप है कि नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर तो पहुंचे, लेकिन जिस व्यक्ति के खिलाफ शिकायत की गई उसके घर जाकर बकायदा मेहमान नवाजी की और न्योछावर लेकर वापस लौट आए. फिलहाल पीड़ित ने आज यह अनोखा प्रदर्शन करते हुए मामले में त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है.

## सेल्समैन सदहना के विरूद्ध एफआईआर दर्ज

**रीवा 06 अगस्त.** जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश ताण्डेकर ने बताया है कि शासकीय उचित मूल्य दुकान सदहना के सेल्समैन रामचरण वर्मा के विरूद्ध थाना सिरमौर में एफआईआर दर्ज कराई गई है। सेल्समैन द्वारा माह अप्रैल में आवंटित खाद्यान्न को माह मई में उपभोक्ताओं के अंगूठे लगवाकर निकाला गया। किन्तु इसका वितरण नहीं किया गया। दुकान में भण्डारित सामग्री का कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी विनीत मिश्रा द्वारा सत्यापन करने पर दुकान में पोर्टल में दर्ज मात्रा से गेंहू 23358 किलोग्राम, फोर्टिफाइड चावल 6663.72 किलोग्राम, शक्कर 83 किलोग्राम तथा नमक 1327 किलोग्राम कम पाया गया। इस संबंध में नोटिस देने पर सेल्समैन द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। सेल्समैन के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया तथा आपराधिक कृत्य के लिए एफआईआर दर्ज कराई गई।



# कमिश्नर के निर्देश पर हुई त्वरित कार्यवाही

## सिलपरा में पानी की निकासी सुनिश्चित कराई गई

नवभारत न्यूज

**रीवा 06 अगस्त. रीवा संभाग कमिश्नर शीलेंद्र सिंह के निर्देश पर त्वरित कार्यवाही की गई है। माध्यमिक शाला सिलपरा में बारिश के दौरान पानी भर जाने एवं इससे स्कूल के बच्चों को होने वाली परेशानी की शिकायत का समाधान कर दिया गया है।**

स्कूल में पानी निकासी के लिए बनाई गई नाली जाम हो गई थी। नाली की साफ सफाई कर उसमे फसे कचरे, घास एवं झाड़ियों को हटाकर पानी निकासी की व्यवस्था कराई गई। अब स्कूल में बारिश के दौरान पानी भरने की समस्या नहीं आएगी।

उल्लेखनीय की रीवा संभाग के कमिश्नर शीलेंद्र सिंह एवं कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी गत दिवस ग्रामीण क्षेत्र के निरीक्षण के लिए जनपद पंचायत रीवा के ग्राम सिलपरा पहुंचे थे। माध्यमिक शाला के निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दौरान स्कूल में पानी भर जाता है और इसकी निकासी के लिए बनाई गई नाली कचरे से जाम होने के कारण जल निकासी व्यवस्था बंद हो गई है।

### जनपद सीईओ ने कराया निराकरण

कमिश्नर ने जनपद पंचायत रीवा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी को स्कूल होने वाले जल भराव की निकासी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। निर्देशों के पालन में गुरुवार को जनपद पंचायत द्वारा नाली की साफ-सफाई कर स्कूल में भरने वाले जल भराव की निकासी की व्यवस्था करा दी गई है।

## संक्षिप्त

### नशीली कफ सिरप की बिक्री करते महिला गिरफ्तार

**रीवा,** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में फिर एक महिला को नशीली कफ सिरप की बिक्री करते गिरफ्तार किया गया है. जिसके खिलाफ एनडीपीएस की कार्यवाही की गई है. कार्यवाही को लेकर थाना प्रभारी निशा मिश्रा ने बताया कि कबाड़ी मोहल्ला निवासी विमला लोनिया के द्वारा नशीली कफ सिरप बिक्री करने की सूचना मिली थी. सूचना के आधार पर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां विमला लोनिया को नशीली कफ सिरप के साथ पकड़ा गया. आरोपी महिला के द्वारा घर के अंदर रखकर नशीली कफ सिरप बेची जा रही थी तलाशी लेने पर नशीली कफ सिरप पुलिस के हाथ लगी है. बताया जा रहा है कि महिला के परिवार के अन्य लोग इसके पूर्व नशे के अवैध कारोबार में जेल जा चुके हैं. फिलहाल पुलिस के हाथ लगी नशे के कारोबारी महिला के ऊपर एनडीपीएस की कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है.

### सड़क पार कर रहे शख्स को ट्रक ने कुचला, मौत

**रीवा,** रीवा के रतहरा बाईपास में बीती रात हुए भीषण सड़क हादसे में एक शख्स की दर्दनाक मौत हो गई. बताया जा रहा है कि मृतक दुकान बंद कर पैदल अपने घर की ओर जा रहा था, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पार कर रहे शख्स को कुचल दिया. अचानक हुए इस हादसे के दौरान जहा युवक की मौके पर ही मौत हो गई है तो वही ट्रक सहित चालक मौक़े से फरार हो गया. फिलहाल घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया था, जहां आज सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है. जानकारी के मुताबिक शहर के रतहरा स्थित आरआईटी कॉलेज के समीप रहने वाले रजनीश सिंह रतहरा के समीप ही बेल्डिंग वर्कशॉप की दुकान संचालित करते थे. बताया गया कि रोजाना की तरह बुधवार की शाम रजनीश दुकान बंद करने के बाद पैदल अपने घर की ओर लौट रहे थे, तभी सड़क पार करते वक्त एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मारते हुए कुचल दिया. अचानक हुए इस हादसे के दौरान ट्रक की चपेट में आए रजनीश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है. फिलहाल पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज की मदद से ट्रक सहित चालक का पता लगाने का प्रयास कर रही है.

### हिस्ट्री शीटर ने अलमारी में कपड़ों के बीच छुपा रखी थी 56 लीटर शराब

**रीवा,** रीवा जिला आबकारी विभाग की टीम द्वारा मऊगंज कस्बा में एक घर के अंदर दी गई दबिश के दौरान अलमारी के अंदर कपड़ों के बीच छिपा कर रखी गई अंग्रेजी और देसी शराब बरामद की गई है. कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मुख्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया है जिसके ऊपर पूर्व से 43 मामले दर्ज हैं. इस पूरी कार्रवाई के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक रीवा जिला आबकारी विभाग की टीम द्वारा मऊगंज कस्बा स्थित अशोक चौरसिया नमक हिस्ट्रीशीटर के घर में बीती शाम दबिश दी. इस दौरान आबकारी विभाग की टीम ने अशोक चौरसिया के घर के अंदर रखी अलमारी की तलाशी ली तो उसमें कपड़े के नीचे छुपा कर रखी गई तकरीबन 56 लीटर शराब बरामद की गई है. पुलिस ने मामले में अशोक चौरसिया को गिरफ्तार किया है. बता दे अशोक चौरसिया के ऊपर उसकी उम्र से ज्यादा मुकदमे जिले के विभिन्न स्थानों और आबकारी विभाग में दर्ज है. पकड़े गए आरोपों के विरुद्ध आबकारी विभाग की टीम द्वारा कार्रवाई की जा रही है.

### कलेक्टर ने आदतन आरोपी को किया जिला बदर

**रीवा.** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने आदतन आरोपी अंकित द्विवेदी पिता राजेश द्विवेदी उर्फ राजू महाराज आयु 21 वर्ष निवासी शांति विहार कालोनी रीवा को एक वर्ष के लिए जिला बदर करने के आदेश दिए हैं। आदतन अपराधी के विरूद्ध क्षेत्र में लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने, मारपीट, चोरी, छेड़छाड़ और आम जनता में दहशत फैलाने जैसे अपराध विभिन्न थानों में दर्ज हैं। जिस पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर आदतन अपराधी के विरूद्ध जिला बदर का आदेश जारी किए हैं। यह कार्रवाई मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3(1)(क) तथा धारा 5(ख) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए की गई है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रीवा ने आरोपी को आदेश प्राप्ति के 48 घंटे के भीतर रीवा जिला तथा इसकी सीमा से लगे पड़ोसी जिलों सीधी, सतना, मैहर, मऊगंज और सिंगरौली की राजस्व सीमाओं से एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर किया है। बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के आरोपी इस अवधि में इन जिलों की सीमाओं में प्रवेश नहीं करेगा। यदि आरोपी द्वारा इस आदेश का उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।



### अवैध नशीली टैबलेट व कफ सीरफ के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रीवा,** थाना सेमरिया में पदस्थ उप निरी. ललन सिंह को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खारा के गौरव सिंह उर्फ मोनू और गौरव सिंह उर्फ आकाश अटरिया मोड के पास काफी मात्रा में नशीली कफ सिरप और टेबलेट कैप्सूल अपने पास रखे है. मुखबिर के बताये स्थान पर कार्यवाही की गई तो 01 व्यक्ति पुलिस मौजूदगी को देखकर भागने लगा. जिसे घेराबंदी कर पकडा गया और नाम पता पूंछा गया तो अपना नाम गौरव सिंह उर्फ मोनू पिता स्व. सुरेंद्र सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम खारा थाना सेमरिया का होना. तलाशी के दौरान झोले के अंदर से अवैध नशीली टैबलेट(कैप्सूल) एवं आनरेक्स कफ सीरफ मिली. जिस पर एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानो का पालन करते हुये कार्यवाही की गई. आरोपी के कब्जे से कुल 320 नग अवैध नशीली टैबलेट(कैप्सूल) एवं कुल 225 नग एवं 11 शीशी अवैध नशीली ऑनरेक्स कफ सीरफ कीमती 4,400 रुपये को जप्त किया गया. आरोपी को पूंछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया.

# मासूम से दुष्कर्म का आरोपी सलमान राणा गिरफ्तार

## शातिर बदमाश है पकड़ा गया आरोपी, विभिन्न थानों में 24 से अधिक आपराधिक मामले

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 अगस्त, शातिर बदमाश इश्तियाक उर्फ़ सलमान राणा को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पकड़े गए आरोपों के खिलाफ संभाग के विभिन्न स्थानों में 24 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है पकड़े गए आरोपी का आज पुलिस ने जुलूस निकाला.**

बताया जा रहा है कि निपानिया निवासी सलमान राणा एक मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया था. काफी समय से आरोपी पुलिस को चकमा दे रहा था. बीते दिवस पुलिस को एक बार फिर सलमान राणा के संबंध में जानकारी मिली इसके बाद घेराबंदी करते हुए आरोपी को ढेकहा से गिरफ्तार कर लिया गया. इसके पूर्व भी आरोपी पुलिस के हाथ से बच निकला था. पकड़े गए आरोपों का पुलिस ने सरेआम जुलूस निकाला. थाना प्रभारी निशा मिश्रा ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी साथी बदमाश है जिसके खिलाफ दो दर्जन से अधिक आपराधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज है. हाल ही में आरोपी के द्वारा एक मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था.

# जमीन विवाद में महिला पर डंडे से हमला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 अगस्त, मऊगंज थाना क्षेत्र के बमुरिहा प्राणनाथ गांव में वर्षों पुराने जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया. विवाद के दौरान एक महिला के सिर पर डंडे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया. बीच-बचाव करने पहुंची परिवार की अन्य महिलाओं के साथ भी मारपीट की गई.**

घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दोनों पक्षों के बीच विवाद और मारपीट होती दिखाई दे रही है. पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर 5 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

पुलिस के अनुसार बमुरिहा प्राणनाथ निवासी रूबी विश्वकर्मा ने थाना मऊगंज में दर्ज कराई शिकायत में बताया कि उनके परिवार और राजेन्द्र प्यासी पक्ष के बीच जमीन का विवाद लंबे समय से तहसील और न्यायालय में विचाराधीन है. आरोप है कि बुधवार को राजेन्द्र प्यासी, अभिषेक मिश्रा और प्राची मिश्रा उनके घर पहुंचे और विवाद के साथ गाली-गलौज करने लगे. विरोध करने पर आरोपियों ने रूबी की मां प्रभा विश्वकर्मा के साथ मारपीट शुरू कर दी. शिकायत के मुताबिक, राजेन्द्र पयासी ने डंडे से प्रभा के सिर पर वार कर दिया, जिससे उनके सिर से खून बहने लगा. शोर सुनकर बड़ी मां सुनीता विश्वकर्मा और बहन रोशनी विश्वकर्मा बीच-बचाव करने पहुंचीं तो उनके साथ भी मारपीट की गई.

पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपी जाते समय जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए. घटना में प्रभा विश्वकर्मा समेत चार लोग घायल हुए हैं. सभी को सिविल अस्पताल मऊगंज ले जाया गया, जहां प्रभा विश्वकर्मा के सिर में गंभीर चोट होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल, रीवा रेफर कर दिया. मऊगंज पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है. पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

## गौधाम को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण केन्द्र बनाएं : शुक्ल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 अगस्त, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नवीन सर्किट हाउस सभागार में आयोजित बैठक में बसामन मामा गौ अभ्यारण्य तथा हिनौती गौधाम के विकास कार्यों की समीक्षा की.**



उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक गौशालाएं निराश्रित और बीमार गौवंश को आश्रय देने के साथ-साथ प्राकृतिक खेती का संदेश दे रही हैं. बसामन मामा गौ अभ्यारण्य में प्राकृतिक खेती का सफल माडल विकसित किया गया है. हिनौती गौधाम में भी प्राकृतिक खेती के माडल का विकास करें. गौ अभ्यारण्य और गौधाम को प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण और शोध का केन्द्र बनाएं.. हम सबको स्वस्थ रहने के लिए प्राकृतिक खेती को ही अपनाना होगा. भावी पीढ़ी का जीवन सुरक्षित और स्वस्थ रखने के लिए प्राकृतिक खेती ही अंतिम उपाय है. बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बसामन मामा गौ अभ्यारण्य तथा हिनौती गौधाम की प्रदेश भर में चर्चा हो रही है.

## नवोदय विद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि आज

**रीवा, 6 अगस्त,** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर में शिक्षा सत्र 2027-28 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 7 अगस्त निर्धारित की गई है. इच्छुक विद्यार्थी किसी भी ऑनलाइन सेंटर अथवा मोबाइल के माध्यम से प्रवेश परीक्षा के लिए 7 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं. इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य मनीष कुमार तिवारी ने बताया कि विद्यार्थी को रीवा अथवा मऊगंज जिले के शासकीय विद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय में कक्षा 5 में अध्ययरत एवं रीवा अथवा मऊगंज जिले का निवासी होना चाहिए.

## किशोरों के लिए तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम 'चाह' का हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**रीवा 06 अगस्त. बाल संप्रेक्षण गृह रीवा में प्रधान जिला न्यायाधीश श्री राकेश मोहन प्रधान के मुख्य आतिथ्य में एवं प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड श्रीमती विश्वेश्वरी मिश्रा मार्गदर्शन में बाल संप्रेक्षण गृह में निवासरत किशोरगण हेतु तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम चाह का शुभारम्भ किया गया।**



जिसके तहत इलेक्ट्रीशियन एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण किशोरगणों को प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला न्यायाधीश ने अपने आशीर्वचन में किशोरगणों को तकनीकी शिक्षा के महत्व के बारे मे जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती शिवानी शर्मा, एडीएम सपना त्रिपाठी, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड श्रीमती विश्वेस्वरी मिश्रा ने अपने अपने विचार व्यक्त किये और किशोरगणों के सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री समीर कुमार मिश्र, आईटीआई प्राचार्य सौरव शुक्ला, जिला विधिक सेवा अधिकारी अभय मिश्र, किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य रंजना शर्मा, महिला बाल विकास विभाग से बाल संरक्षण अधिकारी स्वाति श्रीवास्तव, परिवीक्षा अधिकारी अनिल पांडेय तथा बच्चे उपस्थित रहे।

## श्रम न्यायालय रीवा में होगी प्रकरण की सुनवाई

**रीवा 06 अगस्त.** श्रम आयुक्त कार्यालय द्वारा रीवा जिले के मजदूर से जुड़े औद्योगिक विवाद से जुड़े प्रकरण की सुनवाई के लिए प्रकरण श्रम न्यायालय रीवा को सौंपा है। इस संबंध में उप श्रमायुक्त ने बताया कि आवेदक अंकित कुमार द्विवेदी निवासी ग्राम मटिहरा, जिला मऊगंज द्वारा सेवा नियोजक महाप्रबंधक मध्यप्रदेश जल निगम रीवा, महाप्रबंधक वायनाड्स सल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कराया है। औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 के अन्तर्गत दर्ज औद्योगिक विवाद से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर धारा 2 (ए) (दो) के अनुसार औद्योगिक विवाद के लिए राज्य शासन उपयुक्त शासन है।

# नशा मुक्त भारत महाअभियान एवं रक्तदान महादान अभियान का हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 अगस्त, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रीवा द्वारा नशा मुक्त भारत महा अभियान एवं विशाल रक्तदान महादान अभियान का प्रदेश स्तरीय शुभारंभ एवं लॉन्चिंग कार्यक्रम कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ।**




कार्यक्रम में हजारों विद्यार्थियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक संगठनों तथा नागरिकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही. उपस्थित सभी लोगों ने '10 करोड़ नशा मुक्त भारत संकल्प' की शपथ लेकर नशामुक्त, स्वस्थ एवं संस्कारित भारत के निर्माण का संकल्प लिया. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नि:स्वार्थ भाव से मानवता की सेवा कर रहा है. यह संस्था अपने लिए कुछ नहीं चाहती, बल्कि समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है. नशे के विरुद्ध वास्तविक और स्थायी मुहिम ब्रह्माकुमारीज़ ने शुरू की है। केवल कानून या दंड से नशे की समस्या समाप्त नहीं होगी, बल्कि व्यक्ति के विचारों और संस्कारों में परिवर्तन लाना होगा, जो आध्यात्मिक जागृति से ही संभव है.

उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अपने माउंट आबू प्रवास का अनुभव साझा करते हुए कहा कि वहाँ उन्हें अद्भुत सुख, शांति और आत्मिक ऊर्जा का अनुभव हुआ. उन्होंने कहा कि जब मनुष्य स्वयं को आत्मा समझकर परमात्मा से जुड़ता है. तब उसके भीतर सकारात्मक परिवर्तन आता है और वह नशे जैसी बुराइयों से दूर हो जाता है. ब्रह्माकुमारीज़ का यह अभियान केवल नशामुक्ति का नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, संस्कार निर्माण और राष्ट्र निर्माण का अभियान है.

# हर घर तिरंगा : 9 से 17 तक राष्ट्रभक्ति का महाभियान, अभियान के दौरान होंगे कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**रीवा 06 अगस्त. स्वतंत्रता के अमृत संदेश को हर घर, हर गली और हर दिल तक पहुंचाने के लिए जिले में 9 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान पूरे उत्साह, जनभागीदारी और देशभक्ति के वातावरण में संचालित किया जाएगा।**

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने अभियान के संबंध में कहा कि जिले में स्कूल, महाविद्यालय, शासकीय कार्यालय, सार्वजनिक संस्थान और सामाजिक संगठन मिलकर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करेंगे, जो देश के प्रति समर्पण और राष्ट्रीय एकता की भावना को और अधिक सशक्त बनाएंगे। तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, तिरंगा बाइक और साइकिल रैली, तिरंगा मानव श्रृंखला, तिरंगा रंगोली, चित्रकला, प्रदर्शनी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, देशभक्ति गीत, नुक्कड़ नाटक और स्वच्छता अभियान जैसे अनेक आयोजन इस अभियान को जन-जन का उत्सव बनाएंगे। नागरिक अपने घरों, प्रतिष्ठानों और वाहनों पर सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ-साथ हर घर तिरंगा पोर्टल पर तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी भी अपलोड करेंगे। इससे देशभक्ति की यह भावना डिजिटल माध्यम से भी पूरे देश में प्रसारित होगी और प्रत्येक नागरिक इस राष्ट्रीय अभियान का सक्रिय सहभागी बनेगा।

कलेक्टर ने कहा कि इस वर्ष अभियान को एक और ऐतिहासिक आयाम दिया गया है। भारत के राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सभी शासकीय एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों में विशेष आयोजन होंगे। जहां राष्ट्रीय गीत और राष्ट्रगान दोनों प्रस्तुत किए जाएंगे, वहां पहले पूरे सम्मान और गरिमा के साथ 'वंदे मातरम्' का गायन होगा, उसके पश्चात राष्ट्रगान 'जन गण मन' प्रस्तुत किया जाएगा। राष्ट्रीय गीत के दौरान उपस्थित सभी अधिकारी, कर्मचारी और नागरिक सावधान की मुद्रा में खड़े होकर राष्ट्र के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करेंगे। अभियान के तहत 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' अत्यंत संवेदनशीलता और गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा। देश के विभाजन के दौरान विस्थापन और बलिदान का दर्द झेलने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए सभाएं आयोजित की जाएंगी। जिला और संभाग स्तर पर मौन जुलूस, श्रद्धांजलि सभाएं तथा विभाजन की ऐतिहासिक घटनाओं और विस्थापितों के संघर्ष को दर्शाने वाली चित्र एवं अभिलेख प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य केवल इतिहास को याद करना नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द के प्रति नई पीढ़ी को प्रेरित करना भी होगा।